# सूने मकानों के निशाना बनाने वाले गिरफ्त में

**शाजापुर।** सलसलाई पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले कुख्यात पारदी गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनके पास से 27 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और वारदात में इस्तेमाल की गई दो बाइकें जब्त की गई हैं। इसे जिले में अब तक की सबसे बड़ी चोरी का खुलासा माना जा रहा है।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में की गई। एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में पूरे मामले का खुलासा किया। एसडीओपी ने बताया कि इस गिरोह ने 13 अप्रैल को ग्राम मंगलाज निवासी रामदयाल पाटीदार के सूने मकान को निशाना बनाया था। रामदयाल पाटीदार सुबह 11.30 बजे परिवार सहित खेत पर गए थे। दोपहर करीब 3 बजे लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। बदमाशों ने अलमारी से सोने-चांदी के कीमती आभूषण और 20 हजार रुपए नकद ले गए थे। इस संबंध में थाना सलसलाई में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जनकसिंह रावत के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने लगभग एक महीने तक मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा और लगातार जांच की।



**पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ा**

मामले की पड़ताल में लगी पुलिस को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर गिरोह के चारों सदस्यों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साजन पिता लखन पारदी, सुमीना पति प्रतिराज उर्फ प्रीतीराज पारदी, मनोहर सिंह पिता अनुराज उर्फ अन्नराज पारदी और संजा उर्फ संध्या बाई पति मनोहर सिंह पारदी शामिल हैं। ये सभी आरोपी जिला सीहोर के ग्राम मुंदीखेड़ी के निवासी हैं। थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने बताया कि सीहोर जिले के पारदी समाज के कुछ लोग परिवार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पालीथिन व अन्य सामान बीनने के बहाने घूमते हैं। दिन में रेकी कर सूने मकानों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि ऐसे संदिग्ध लोगों के दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और घर सूना छोड़ते समय सावधानी बरतें। पुलिस ने चारों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में सलसलाई थाना प्रभारी जनकसिंह रावत, उप निरीक्षक रतनलाल चौहान, सउनि विजय सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश नायक, महिला प्रधान आरक्षक ललीता जादम, आरक्षक अरविंद जाटव, नितेश सेन, कुलदीप सिंह भिलाला, महिला आरक्षक छाया प्रजापति, मोनिका शिवहरे और आरक्षक चालक सुभाष दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

## ड्रग की तस्करी रोकने स्पेशल टीम गठित

**शाजापुर।** पुलिस ने जिले को वर्ष 2029 तक ड्रग फ्री बनाने का लक्ष्य रखा है। उद्देश्य से एक विशेष टीम का गठन किया है। यह टीम नशे के कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने का काम करेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सोमवार रात 9 बजे इस संबंध में आदेश जारी किए गए।

यह पहल पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश शासन की ओर से 30 मार्च को नारकोटिक्स मामलों पर आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में की गई है। शाजापुर जिले में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कार्रवाई और सूचना संकलन को मजबूत करने के लिए इस टीम का गठन किया गया है। जो एएसपी के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन और तस्करी पर कड़ी निगरानी रखेगी। इसके लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस टीम में उपनिरीक्षक अंकित मुकाती (थाना प्रभारी सुनेरा), प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा (थाना बेरछा), प्रधान आरक्षक दीपक शर्मा (महिला थाना), प्रधान आरक्षक प्रदीप सिकरवार (थाना अजाक शाजापुर), आरक्षक राजकुमार मीणा और अनुरुद्ध मीणा (थाना सुनेरा), और आरक्षक शैलेन्द्र गुर्जर और शैलेन्द्र शर्मा (थाना मोहन बड़ोदिया) को शामिल किया गया है।

# गेहूं तुलाई में देरी से भड़के किसान

**सिलवानी।** गेहूं उपार्जन केंद्रों पर तुलाई में हो रही देरी और अव्यवस्थाओं से परेशान किसान लगातार आंदोलन और चक्काजाम करने को मजबूर हो रहे हैं। मंगलवार को सागर रोड स्थित किरण वीर वेयरहाउस, जिसे बीकलपुर सहकारी समिति का गेहूं उपार्जन केंद्र बनाया गया है, वहां तुलाई को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। इससे नाराज दो किसानों ने स्टेट हाईवे-15 पर ट्रॉली खड़ी कर चक्काजाम कर दिया।




बताया गया कि किसानों का आरोप था कि उपार्जन केंद्र पर उनकी उपज की तुलाई नहीं हो रही है, मंगलवार को जब उनकी सुनवाई नहीं हुई तो दोनों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर सीधे सड़क पर पहुंच गए और हाईवे के बीचों-बीच ट्रॉली खड़ी कर दी। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार सुधीर शुक्ला, टीआई संजीत परते सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और जाम खुलवाया गया।

## केमिस्ट हड़ताल 20 को

**शाजापुर।** औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले गंभीर मामलों का आज भी निराकरण नहीं हो रहा है। जिसके चलते देश में आज भी अवैध फार्मेसी का संचालन किया जा रहा है। इसे लेकर अब ऑल इंडिया केमिस्ट ने कड़ा रूख अपनाया है। जिसके आह्वान पर देशभर की 12.40 लाख केमिस्ट अपनी दुकाने 20 मई को बंद रखेंगे। ताकि अधिकारियों द्वारा इन मामलों उचित कार्रवाई कर लोगों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।

जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि देश में आज भी अवैध ई फार्मेसी का संचालन किया जा रहा है।

# सूरज की तपन से हर कोई परेशान

**शाजापुर।** मई का महीना नगरवासियों पर भारी पड़ रहा है। जिसमें तापमान लगातार 40 से 44 डिग्री बना हुआ है। मंगलवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। तो रात में भी तापमान 25 डिग्री पर बना हुआ है। जिसके चलते न लोगों को दिन में राहत है और न ही रात में आराम मिल रहा है। इधर मौसम विभाग द्वारा भी तापमान में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में गर्मी किस कदर कहर ढाएगी।

6 मई बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया था। जिसके बाद से तापमान लगातार 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। जिसके कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। तो घर में भी वे बिना कूलर और एसी के दिन नहीं गुजार पा रहे हैं। दिन बीतने के बाद रात में लोगों की राहत की उम्मीद भी पूरी नहीं हो रही है और सूरज ढलने के बाद भी 10 से 15 किमी की गति से चलने वाली हवाएं गर्मी का एहसास करा रही हैं। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अभी गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। तापमान में आगामी दिनों में भी वृद्धि की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 16 मई को तमिलनाडू में तुफान आ सकता है जिसका कुछ असर नगर के मौसम में भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान तापमान कुछ कम होगा। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। लेकिन इसके बाद फिर तापमान बढ़ेगा। वहीं 25 मई से 2 जून तक नवतपा रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

# हम्मालों के नाम पर किसानों से हो रही जमकर वसूली

**सोहागपुर।** खरीदी केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। स्लाट की अंतिम तिथि निकलने की कगार पर है जिन्हें इस आखिरी तारीख से पहले तुलाई करवानी है। वह हम्मालो को नगद भुगतान करे और समय पर तुलाई करवाकर बिल बनवा लें। किसानों से वसूली का यह नया फार्मूला लाया गया है। अनेकों खरीदी केंद्रों पर 34 रूपए क्विंटल तक की वसूली खुलेआम की जा रही है। इसकी शिकायतें भी सीएम हेल्पलाइन पर कुछेक किसानों ने बिल बनवा लेने के बाद करवा ली हैं। इस खुली वसूली की चर्चाएं और जानकारी भी सभी को है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया है।

समूचे विकासखंड में ही खरीदी केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। अनेकों किसान पांच दिन से भी अधिक समय से लाइन में लगे हुए हैं। भारी भीड़ और स्लॉट की तिथि निकल जाने के किसानों के डर का फायदा सभी उठा रहे हैं। बालाजी और महालक्ष्मी वेयरहाउस पर तुलाई समय पर करवा चुके तीन किसानों ने 34 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली किए जाने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर डाली है।

# नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**शिवपुरी।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ के साथ बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। नर्सिंग स्टाफ द्वारा इस अवसर पर संगीत, कलाकृति, नाट्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता डॉ डी. परमहंस द्वारा नर्सिंग स्टाफ के मरीजों के प्रति समर्पण, सेवा भावना एवं कठिन परिस्थितियों में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की गई तथा नर्सिंग स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार अहिरवार द्वारा भी समस्त नर्सोंज को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए नर्सिंग स्टाफ के अथक परिश्रम और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ अंनत राखोंडे एवं समस्त विभाग के विभागाध्यक्षो के उद्बोधनो में कहा कि नर्सिंग स्टाफ हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है तथा मरीजों की देखभाल में दिन-रात तत्पर रहती हैं और समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।



## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**शाजापुर।** नगर के काछीवाड़ा में सोमवार रात करीब 9 बजे अचानक एक मकान में आग लग गई। घटना में घर का सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। आग पर स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया गया। पीड़िता बसंती बाई ने बताया कि वह मजदूरी करती हैं। सोमवार शाम करीब 7 बजे वह मंदिर गई थीं। रात करीब 8 बजे जब वह घर लौटीं तो उन्होंने देखा कि घर के अंदर आग लगी हुई थी और लपटें उठ रही थीं। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। पड़ोसी कमलेश कुशवाह और गगन कुशवाह सहित अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसने आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस घटना में घर में रखा फ्रिज, कूलर, टीवी, गोदरेज, सोफा, कपड़े, बिस्तर, अनाज और बर्तन सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# पर्यावरण प्रेमी संघ ने बांटे सकोरे

**आष्टा।** गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पानी की समस्या का सामना पशु पक्षी करते हैं नदी नालों में इस समय पानी कम है ऐसे में इनके के सामने भी संकट रहता है तो वहीं पक्षियों के लिए भी दुविधा बनी हुई है ऐसे में शहर के पर्यावरण प्रेमी संघ, समाजसेवी ने बीड़ा उठाया है कि वह घर-घर सकोरे लगाएं न्यायालय परिसर में भी आज सभी को सकोरे वितरित कर संदेश दिया है कि अपने-अपने घर एक-एक सकोरे सभी से लगाए ताकि पक्षियों को पानी मिल सके।

बता दे कि एक सकोरा जिला न्यायाधीश विजय डांगी एवं अन्य न्यायाधीशों ने न्यायालय परिसर में वृक्षों पर सकोरा बांधकर उपस्थित पक्षकारगण को संदेश दिया है कि वे गर्मी के इस मौसम में पक्षियों को बचाने हेतु घर की छत पर या पास स्थित वृक्षों पर सकोरे अवश्य बांधे इन गर्म हवाओं के थपेड़ों के बीच दाना-पानी के लिए बिल-बिलाते हुए पक्षियों की तरफ लोगों का ध्यान कम ही जाता है। इस बिगड़ते पर्यावरण के चलते सबसे ज्यादा परेशान पक्षी ही होते है न्यायाधीशगण ने पक्षकारों को इस अवसर पर पक्षियों के लिए जलपात्र बांटे जिससे बेजुवान पक्षी अपनी प्यास बुझा सके।



## फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 15 से

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा ने सभी रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। बीएलओ द्वारा भी पुनरीक्षण कार्य के तहत ड्यूटी को गंभीरता से लेने निर्देश दिए हैं।

पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आगामी 15 मई से 25 मई तक जिले के चिह्नित केंद्रों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने, किसी भी प्रकार के संशोधन या अपात्र नामों को हटाने के लिए निर्धारित प्रारूप (फॉर्म) में आवेदन कर सकेंगे।

# ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** जिले के चोसलाकुल्मी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को अपने ही ग्राम के सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, जिन्होंने सरपंच पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।



इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसीलदार अनामिका आर्य को कलेक्टर के नाम दो अलग-अलग शिकायती आवेदन भी सौंपे।

सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शासकीय भूमि और रास्तों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच ने उनके घर के पास के रास्ते पर गड्ढे खोदकर, पत्थर और कांटेदार बाड़ लगाकर उसे बंद कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें शासकीय योजनाओं से वंचित करने की धमकी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, वृद्धा पेंशन और निर्माण कार्यों में अनियमितता तथा घटिया सड़क निर्माण के आरोप भी लगाए गए हैं। दूसरे आवेदन में ग्रामीणों ने ग्राम के समीप सर्वे नंबर 640/1 की शासकीय भूमि पर प्रस्तावित गिट्टी खनन का विरोध किया।

# सर्वसेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**शिवपुरी।** शहर के गांधी पार्क मैदान में अपने नव-गृहस्थ जीवन की शुरूआत करने वाले राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के बैनर तले आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के सभी वर-वधुओं को आर्शीवाद देने के लिए फिजीकल भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह के द्वारा सहभागिता प्रदान की गई और वर-वधुओं को उपहार भी भेंट किए। यहां मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह का स्वागत विवाह सम्मेलन आयोजन संगठन के पंकज सेन व अन्य युवाओं के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विनोद सेन केस शिल्पी जयकरण सेन राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष भी शामिल हुए जिन्होंने भी राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के इस भव्य विवाह सम्मेलन को सराहा और संगठन के जिलाध्यक्ष रामकिशन सेन के कार्यों की प्रशंसा की जिनके द्वारा समाज के आधा दर्जन से अधिक वर-वधुओं को शामिल कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया गया। इस अवसर पर अशोक सेन रातोंरवाले सम्मेलन अध्यक्ष मौजूद रहे, साथ ही बड़ी संख्या में सर्वसेन समाज के समाज बन्धुओं ने भी अपनी सहभागिता प्रदान कर नव वर-वधुओं को आर्शीवाद प्रदान कर उपहार भेंट किए।

# जैन बाल संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ

**सिलवानी।** नगर के प्राचीन श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में मंगलवार को सामूहिक बाल संस्कार शिक्षण शिविर का विधिवत एवं भव्य शुभारंभ हुआ। धार्मिक वातावरण, मंत्रोच्चार और बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज के संरक्षकों, महासमिति सिलवानी के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पूरा चैत्यालय भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खनियाधाना से पधारे विद्वान पंडित काव्य शास्त्री एवं अमन शास्त्री के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को धार्मिक संस्कार एवं नैतिक शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। संस्कारवान पीढ़ी ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, सेवा, करुणा एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों द्वारा आकर्षक मंदिर विधि का आयोजन किया गया।




# जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**शिवपुरी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए नागरिकों को जागरूकता रथ जानकारी देंगे। अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनगणना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रदेश भर में मकानों की गणना का कार्य जारी है, जिसकी सफलता के लिए जनगणना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को हमारी जनगणना, हमारा विकास के उद्देश्य से जागरूक करेगा ताकि जब प्रगणक घर-घर पहुँचें, तो नागरिक उन्हें मकान की स्थिति, मूलभूत सुविधाओं और परिवार से जुड़ी सटीक जानकारी निडर होकर दे सकें। अपर कलेक्टर ने प्रगणकों के कार्य में सहयोग की अपील करते हुए इस अभियान को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## सच संक्षेप

### प्रतियोगिता 18 से

**मंडीदीप।** डाज बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं के तत्वावधान में 19वीं सीनियर राष्ट्रीय डॉज बॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 18 मई 2026 से 21 मई 2026 तक मंडीदीप में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों से लगभग 800 खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य प्रदेश डॉज बॉल सचिव प्रवीन सांगते ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में गुजरात, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों की टीमें शामिल होंगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर के प्रतिभाशाली युवाओं को खेल का मंच प्रदान करना एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा एवं मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर सम्मानित

**शहडोल।** प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2024-25 में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को निर्धारित लक्ष्य राशि रुपये 5,15,500 से अधिक 5,58,267 धन राशि एकत्रित करने में सराहनीय योगदान करने पर शील्ड एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री विलास अमने ने कलेक्ट्रेट परिसर के विराट सभागार में शील्ड एवं प्रशंसा पत्र सौंपा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्रीमती मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### सड़क हादसों में दो की मौत

**शाजापुर।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। जहां से पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।पहला हादसा सोमवार रात करीब 9 बजे मदाना जोड़ पर हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार संतोष (36) पिता गोरीलाल निवासी तिंगजपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव से मौत हो गई।इसी प्रकारनेशनल हाईवे-52 पर पनवाड़ी गांव में हुई। पनवाड़ी निवासी कयूम पिता वजीर खान गांव की नल-जल योजना की टंकी का नल चालू करने गए थे। सड़क पार करते समय एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

### सम्मान समारोह आयोजित

**शिवपुरी।** ग्वालियर के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी स्वर्गीय अनिकेत वरुण की स्मृति में पांचवा अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल (प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा) थे, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुबोध खाडेकर रहे। वही एनआरसी क्लब के सचिव दिलशाद खान, देवेंद्र बाथम, रईस कुरैशी ,दीपक बाथम मौजूद रहे। इसी क्रम में राहुल नरवरिया जो कि शिवपुरी के स्थानीय पोलो ग्राउंड पर हॉकी का अभ्यास कराते आ रहे हैं और कई वर्षों से राज्य स्तरीय टूर्नामेंट भी शिवपुरी मे कराते आ रहे हैं। उन्हें छत्रपति साहूजी महाराज हॉकी क्लब के सचिव के रूप में कार्यक्रम में सम्मान प्रदान किया गया।

### विधिक साक्षरता शिविर

**शिवपुरी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशानुसार तथा रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की अध्यक्षता में गतदिवस उपजेल पिछोर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, बंदियों के अधिकार, जेल अपील, प्लीबार्गेनिंग प्रक्रिया, यूटीआरसी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही इस अवसर पर उपजेल पिछोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों की समस्याएं सुनी एवं उनके निराकरण हेतु जेलर को निर्देशित किया गया। नालसा स्प्रूहा योजना 2025 के अंतर्गत 04 बंदियों को सर्किल जेल शिवपुरी में निरूद्ध उनके पत्नि से एवं 03 बंदियों को उनकी माँ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात करवाई गई।

### जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में संयुक्त आयुक्त विकास मुद्रिका सिंह की उपस्थिति में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास ने संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के ग्राम मझगंवा निवासी भोल्ली सिंह ने सीमाकंन के नाम पर ली गई राशि वापस दिलाने, ग्राम दुलादर निवासी रामप्रकाश शुक्ला ने विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने, ग्राम बरदौहा निवासी विश्वनाथ बैगा ने भूमि का सीमाकंन कराने, ग्राम केशवाही निवासी शिवकुमार मिश्रा ने तालाब की लीज निरस्त करने संबंधी आवेदन दिया। संयुक्त आयुक्त विकास ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र कार्रवाई एवं निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संभाग स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अल्पविराम कार्यशाला

**शिवपुरी।** राज्य आनंद संस्थान जिला शिवपुरी एवं आईओएफसी पंचगनी के संयुक्त तत्वावधान में एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र शिवपुरी में आयोजित दो दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने आत्मचिंतन, आत्मसंवाद एवं जीवन मूल्यों को समझते हुए स्वयं से स्वयं की मुलाकात करने के सूत्र सीखे। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर साकेत पुरोहित ने बताया कि पहले दिन प्रतिभागियों को आनंद की अवधारणा से परिचित कराया गया। विभिन्न गतिविधियों एवं टूल्स जैसे यहां से वहां, मानवीय सिद्धांत, आंतरिक विकास एवं टीम बिल्डिंग के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने भीतर झांकने का प्रयास किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा करते हुए आत्मविश्लेषण की प्रक्रिया को समझा। दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रकृति के सानिध्य में आनापान ध्यान सती के माध्यम से आत्मिक शांति एवं आत्मपोषण का अनुभव प्राप्त किया।